हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

30 नवंबर 2024, समय 1810

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने युवा शक्ति से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया है ।
- पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में सैन्य साहित्य महोत्सव के आठवें संस्करण का उद्घाटन किया।
- हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए शिक्षा का प्रचार एवं प्रसार बहुत जरूरी है।
- हरियाणा में जल्द ही विश्व बैंक की सहायता से विश्व कृत्रिम मेधा केंद्र की स्थापना की जाएगी।
- जींद जिले के गाँव बु□ा खेड़ा लाठर के शहीद मेजर संजीव लाठर के पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया।

***************************************************************************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने युवा शक्ति से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया है । लोकसभा अध्यक्ष आज जिला फरीदाबाद स्थित मानव रचना विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। समारोह में हरियाणा सरकार में राजस्व एवं शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए।श्री बिरला ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने की दिशा में भारत आज बड़ी शक्ति के रूप में उभरकर सामने आया है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत की अतुल्य पहचान है। शासन चलाने की सर्वश्रेष्ठ पद्धति भारत की है और यही कारण है कि भारत की तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का दुनिया के अन्य देश भारत का अनुकरण कर रहे हैं। लोकतंत्र की मजबूत ताकत ही है कि हमारा भारत 21 वीं सदी में हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा -

उन्होंने कहा कि दुनिया भर में शिक्षा, चिकित्सा, आईटी , ऑटोमोबाइल सहित हर क्षेत्र में भारतीयों के आत्मविश्वास, काम करने के जुनून, संस्कार के साथ ही बौद्धिक क्षमता व परिवर्तन करने का जज्बा होने से हम सर्वोपरि हैं।समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर व पी एच.डी की करीब 1500 से अधिक डिग्रियाँ प्रदान की गई साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।दीक्षांत समारोह में मानव रचना विश्वविद्यालय की ओर से सांसद अनुराग शर्मा, चेयरपर्सन हरियाणा जल स्रोत श्रीमती केशनी आनंद अरोड़ा, आलोक शर्मा, पंकज बंसल, पद्मश्री रानी रामपाल, संजय सेठी, डॉ. तनुजा सिंह, आनंद मेहता, डॉ. मनहेल थाबेट व प्रदीप मोहंती को पीएचडी की मानद उपाधि से अलंकृत किया।

**********************************************************************

पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज लेक खेल परिसर में सैन्य साहित्य महोत्सव के 8वें संस्करण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में युवाओं को रक्षा सेवाओं की ओर आकर्षित करने के लिए साहित्य के माध्यम को सबसे शक्तिशाली हथियार बताया। उन्होंने कहा कि विभिन्न युद्धों में पंजाब के बेटों और बेटियों द्वारा प्रदर्शित वीरता पूरे देश के लिए प्रेरणा का एक शाश्वत स्रोत है। राज्यपाल ने कहा कि यह महोत्सव न केवल भारत की गौरवशाली सैन्य विरासत का जश्न मनाता है, बल्कि नागरिकों में ज्ञान बढ़ाने और देशभक्ति को बढ़ावा देने में सैन्य साहित्य की भूमिका को भी रेखांकित करता है।उन्होंने युवाओं से भारत के सैन्य इतिहास में ऐसे मील के पत्थरों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।राज्यपाल ने सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों को छात्रों के साथ जुड़ने, अपने अनुभव साझा करने और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

************************************************************************

हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए शिक्षा का प्रचार एवं प्रसार बहुत जरूरी है।वह आज हिसार में कुम्हार महासभा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। श्री गंगवा ने समाज के लोगों से अपने बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ संस्कारवान बनाने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार वंचित वर्गों को सम्मान देने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में सरकारी नौकरी के आरक्षित पद रिक्त छोड़ दिए जाते थे परन्तु बी जे पी सरकार में सभी आरक्षित पद योग्य उम्मीदवार हासिल कर रहे हैं।

श्री गंगवा ने कहा --

उन्होंने कहा कि राजनीति में आरक्षण मिलने के बाद बहुत सारे व्यक्ति पहली बार सरपंच, पंच और जिला पार्षद बने हैं।उन्होंने युवाओं से नशों से दूर रहने का आह्वान भी किया। श्री गंगवा ने कुम्हार छात्रावास के लिए ऐच्छिक कोटे से 21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने लोगों से छात्रावास के लिए जरूरी चीजों बारे एक प्रस्ताव तैयार कर उन्हें भेजने को कहा।मीडिया से बातचीत में गत दिनों चंडीगढ़ में बम धमाकों के आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली मारकर पकड़े जाने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि अपराध करने वालों से सरकार हमेशा सख्ती से पेश आएगी।मेयर और पार्षद के चुनाव पर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सभी प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है नए साल के शुरुआत में चुनाव कराए जाने की पूरी संभावना है।

*********************************************************************

हरियाणा राज्य में जल्द ही विश्व बैंक की सहायता से विश्व कृत्रिम मेधा केंद्र -एआई सेंटर की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्व बैंक के प्रतिनिधिमंडल के साथ इस विषय पर विस्तार से चर्चा की है।मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव पूर्व जारी भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र में हरियाणा को वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक प्रमुख संकल्प है। उन्होंने कहा कि इस तरह युवाओं को कृत्रिम मेधा और आधुनिक कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल हरियाणा प्रदेश को कृत्रिम अनुसंधान और नवाचार के केंद्र के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की स्थापना से राज्य की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान मिलने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रदेश में किसी भी प्रकार की कर चोरी करने वाले व्यक्ति व फर्मों की जानकारी देने वालों को सरकार की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गुप्त रखा जाएगा । उन्होंने कहा है कि इस पहल का उद्देश्य हरियाणा में टैक्स चोरी के मामलों पर अंकुश लगाना है मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग में शुरुआती तौर पर 2 करोड़ रुपये की निधि का प्रावधान किया जाएगा।

********************************************************************

जींद जिले के गाँव बु□ा खेड़ा लाठर के शहीद मेजर संजीव लाठर के पुण्य तिथि पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा उपाध्यक्ष डाक्टर कृष्ण मि□ा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। शहीद को श्रद्धांजलि देते हुए डॉ मि□ा ने कहा -
आज ही के दिन वर्ष 2016 को भारत चीन-सीमा के पूर्वी सिक्किम भू भाग पर ऑपरेशन के दौरान शहीद मेजर संजीव लाठर का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। कार्यक्रम में जुलाना की तहसीलदार और शहीद की पत्नी शालिनी लाठर भी मौजूद रही। इस अवसर पर एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें अनेक लोगों ने शहीद को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए रक्तदान किया।

*************************************************************************

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के घाटों पर विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे है। इन राज्यों के कलाकार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर 15 दिसंबर तक लोगों को अपने-अपने प्रदेशों की लोक कला के साथ जोड़ने का प्रयास करेंगे। आज भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर विभिन्न राज्यों की कला के रंगो के बीच कलाकारों ने अपने-अपने राज्य की कला का बखूबी प्रदर्शन किया। कलाकारों का कहना है कि आज के आधुनिक जमाने में भी उन्होंने अपनी कला को जिंदा रखा है।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव एक ऐसा जरिया है जहां पर उन्हें अपनी कला को देश विदेश के लोगों तक पहुंचाने का मौका मिलता है।